दिन– सोमवार दिनांक– 10 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भारत ने तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दुबई में खले गये फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया।

02. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा। चार अप्रैल तक चलेगा सत्र।

03. पटना और भागलपुल जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट। सिविल सर्जन की टीम आज पटना स्थित आईसीएआर परिसर के कर्मियों की स्वास्थ्य जांच करेगी।

04. और, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान।

---

भारत ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से पराजित कर दिया। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी तीसरी बार जीतकर रिकॉर्ड बनाया है।

–––रिपोर्ट–––

कप्तान रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

---

इस एतिहासिक जीत पर भारतीय टीम को देश–विदेश से बधाइयां मिल रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। एक रिपोर्ट ...

–––रिपोर्ट–––

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी टीम इंडिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। इधर भारतीय टीम की इस जीत पर पूरे प्रदेश में

उत्सव का माहौल है। इस जीत की खुशी में राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर देर रात तक आतिशबाजी की गई।

---

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा, जो चार अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान बीस बैठकें होंगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि सत्र के दौरान वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा। एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान वित्तीय काम–काज के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयको पर भी चर्चा होगी। इनमें विधि संशोधन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, आव्रजन और विदेशी विधेयक तथा रेलवे (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी से शुरू हुआ जो 13 फरवरी तक चला। सत्र की शुरुआत संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से हुई। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को केंद्रीय बजट 2025–26 लोकसभा में पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दिया। वहीं, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट भी लोकसभा में पेश की गई। बजट सत्र के पहले चरण के दौरान लोकसभा की उत्पादकता एक सौ बारह प्रतिशत रही। आनंद कुमार के साथ अमन यादव आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

पटना जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर, आईसीएआर स्थित मुर्गी फॉर्म परिसर में संक्रमण मिलने के बाद सिविल सर्जन की टीम यहां के कर्मियों की स्वास्थ्य जांच करेगी। इधर, बर्ड फ्लू के चलते स्थानीय संजय गांधी जैविक उद्यान में भी सतकर्ता बढ़ा दी गयी है। चिड़ियाघर प्रशासन ने जू के अंदर बने रास्तों और जंतु प्रक्षेत्र के चुनिंदा प्रवेश द्वार पर फुटवॉश और टायरवॉश की व्यवस्था की है। इससे पर्यटकों के जूते और उनके वाहनों के पहिये सैनेटाइज किये जा रहे हैं। जिले में कहीं भी किसी पक्षी के संदिग्ध परिस्थिति में मरने पर इसकी सूचना जिला आपदा नियंत्रण पदाधिकारी को दूरभाष संख्या– **नौ चार सात एक शून्य शून्य दो आठ सात नौ** पर दी जा सकती है। इधर, भागलपुर

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंगनघाट से दीदारगंज तक जे.पी. गंगा पथ का निर्माण तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। निर्माण कार्य के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को इकतीस मार्च तक निर्माण कार्य पूरा होने की जानकारी दी। श्री कुमार ने कहा कि इस पुल के बन जाने से पटना शहर और शहर के बाहर कहीं भी आने–जाने में लोगों को सहूलियत होगी। वहीं, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि बांसघाट से जे.पी. गंगा पथ को जोड़ने के लिए सड़क

और पुल बनाए जायेंगे। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि बांसघाट से जे.पी. गंगा पथ के बीच दूरी लगभग चार सौ मीटर है। इसके बनने से जे.पी. गंगा पथ का बेलीरोड से सीधा सपर्क हो जाएगा।

---

प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य का औसत अधिकतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस से बत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस वृद्धि का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मिथिला की धरती ज्ञान, संस्कार और शोध की धरती है। वे गुजरात के गांधीनगर में शाश्वत मिथिला महोत्सव दो हजार पच्चीस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री शाह ने कहा कि जल्द ही मिथिला में माता सीता का भव्य मंदिर बनेगा, जो पूरी दुनिया को आदर्श जीवन जीने का संदेश देगा। इस कार्यक्रम में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

---

प्रदेश में जीविका दीदी द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र को अब एम्बुलेंस की सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी। जीविका के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि सभी जिलों के सदर और सरकारी अस्पताल के साथ मेडिकल कॉलेज में जीविका दीदी स्वास्थ्य केंद्र चला रही हैं। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं इलाज के लिए अस्पताल में आती हैं, उन्हें जीविका दीदी हर तरह की मदद मुहैया कराती हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सितम्बर, दो हजार बाईस में भागलपुर के मायागंज अस्पताल से जीविका दीदी स्वास्थ्य सहायत केंद्र की शुरूआत की गयी थी।

---

राज्य में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दो सौ एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को एनक्यूएएस प्रामाणिकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें सत्ताईस राष्ट्रीय और एक सौ चौहत्तर राज्य स्तरीय वेलनेस सेंटर शामिल हैं।

---

पटना हाई स्कूल में चल रहे सिपाही भर्ती के लिये फिजिकल टेस्ट के दौरान कागजात की जांच में दो सौ चालीस अभ्यर्थियों को संदिग्ध पाया गया है। केंद्रीय चयन पर्षद ने कहा है कि इन अभ्यर्थियों पर दो–दो लिखित परीक्षा में शामिल होने और सॉल्वर बैठाकर लिखित परीक्षा पास करने का आरोप हैं। इन अभ्यर्थियों पर गर्दनीबाग थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

---

राज्य सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार के अधिकारी और कर्मचारियों को अपने निर्धारित स्थान पर बैठकर काम करने का निर्देश दिया है। आदेश का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभागीय सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। इसके अनुसार हल्का कर्मचारियों के लिए निर्धारित कार्यालय, पंचायत सरकार भवन, राजस्व कचहरी भवन या समुदायिक भवन की सूची जिला राजस्व शाखा में उपलब्ध करायी जाए।

---

बेगूसराय जिले के डंडारी प्रखंड के मोहब्बा बहियार में जंगली सूअर खेतों में खड़ी मक्का फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्थानीय किसानों के अनुसार पिछले दो साल से जंगली सूअर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए जंगली सूअरों और नीलगायों से छुटकारा दिलाये जाने की अपील की है।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियंशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बारह मार्च तक चलेगी। प्रतियोगिता में छब्बीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पांच सौ से अधिक महिला और पुरूष खिलाड़ी भाग ले रहे है।

इधर, नागपुर में खेले जा रहे महिला अंडर–ट्वेंटी थ्री वनडे क्रिकेट ट्रॉफी मुकाबले में बिहार ने सिक्किम को एक सौ चौवन रनों से पराजित कर दिया। बिहार ने

पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सौ चौबीस रन बनाए। श्रुति ने सबसे अधिक अस्सी रन बनाएं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारत द्वारा आईसीसी चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतने की खबर को सभी अखबरों ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है – गर्वः भारत तीसरी बार चैंपियन, फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया। **दैनिक भास्कर** लिखता है – हम वर्ल्ड चैंपियन... रग–रग में जीत का रंग। **दैनिक जागरण** ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है – अप्रैल में प्रधानमंत्री श्री मोदी पटना में कई विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन। **प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को सुर्खी बनाया है – महिलाएं समाज और विकास की मुख्य धुरी, शिक्षक के रूप में निभायें जवाबदेही। **आज** अखबार लिखता है – संसद का बजट सत्र आज से। **राष्ट्रीय सहारा** ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बयान का शीर्षक लगाया है – होली पर तत्काल चलेंगी विशेष ट्रेनें।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारत ने तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दुबई में खले गये फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया।

02. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू होगा। चार अप्रैल तक चलेगा सत्र।

03. पटना और भागलपुल जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट। सिविल सर्जन की टीम आज पटना स्थित आईसीएआर परिसर के कर्मियों की स्वास्थ्य जांच करेगी।

04. और, प्रदेश के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी। मौसम विभाग का अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।